
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नए साल को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

■डॉक्टरों की छुट्टियां की रद्द

**संवाददाता**

देहरादून, आजखबर। नए साल को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभाग ने सभी डॉक्टर की छुट्टियां रद्द करने के अलावा चिकित्सकों को ड्यूटी पर अलर्ट रहने के निर्देश जारी किये हैं। देहरादून की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी जोशी का कहना है कि नए साल को देखते हुए सभी चिकित्सकों की छुट्टी निरस्त कर दी गई हैं। इसके साथ ही सभी अस्पतालों को यह दिशा निर्देश दिए गए हैं कि सभी चिकित्सक अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें, क्योंकि नए साल का जश्न मनाते हुए संभावित दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। ऐसे में इमरजेंसी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी अस्पतालों को कहा गया है कि अस्पताल आपात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर लें। दरअसल, शहर में नए साल का स्वागत करने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं की आशंकाओं को देखते हुए चिकित्सा महकमा अलर्ट मोड पर आ गया है। ऐसे मे दून मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ड्यूटी बढ़ा दी गयी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों को अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। नए साल के जश्न के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए स्वास्थ विभाग ने सभी सरकारी चिकित्सकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इसके अलावा सभी अस्पतालों को यह दिशा–निर्देश दिए गए हैं कि सभी चिकित्सक अपनी ड्यूटी के प्रति अलर्ट रहें।



सीएमओ डा. मीनाक्षी जोशी।

## नए साल के जश्न को लेकर वन विभाग सतर्क, चप्पे–चप्पे पर पैनी नजर

**संवाददाता** हरिद्वार। नए साल को देखते हुए दून व हरिद्वार वन विभाग ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है। हरिद्वार वन विभाग की सभी रेंजों में सघन गश्त के आदेश जारी करने के साथ ही वन कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गयी हैं। दिसम्बर का महीना हरिद्वार वन विभाग के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। घने कोहरे के कारण ये समय वन्यजीव तस्करों के लिए मुफीद माना जाता है। यही वजह है कि नए साल के जश्न, ठंड और कोहरे की आड़ में बीच शिकारी जंगलों में घुसने का प्रयास करते हैं। वहीं, वन विभाग की चीला रेंज को सबसे ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। सबसे ज्यादा सैलानी नववर्ष का जश्न मनाने यहां पहुंचते हैं। इसलिए सभी वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। वन विभाग द्वारा जगह–जगह अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग के प्रभागीय अधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि नए साल के दौरान कई जगह लोग जंगलों में शिकार करने जाते हैं, जिसकी रोकथाम के लिए वन विभाग द्वारा पहले से ही वन कर्मियों को तैनात किया जाता है।

# मुख्यमंत्री ने किया नेशनल हैण्डलूम एक्सपो का उद्घाटन

**हैण्डलूम एक्सपो**

## परेड मैदान में 12 जनवरी तक आयोजित होगा एक्सपो

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को परेड ग्राउण्ड देहरादून में उत्तराखण्ड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा आयोजित नेशनल हैण्डलूम एक्सपो का उद्घाटन किया। इस एक्सपो का आयोजन 12 जनवरी 2020 तक किया जायेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पिछले कुछ सालों से देहरादून में लगातार नेशनल हैण्डलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इससे लोगों को अपनी पसंद के उत्पाद एवं अनेक राज्यों के पहनावे मिल जाते हैं।

देशभर से आये शिल्पकारों को इससे अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है। अपने परम्परागत हस्तशिल्पों एवं लोक कलाओं, के संरक्षण व प्रोत्साहन हेतु सभी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नेशनल हैण्डलूम एक्सपो एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के महिला स्वयं सहायता समूह, सहकारी समितियां, शिल्पकार, बुनकर अपने उत्पादों को बड़े मार्केट से जोड़ पाते है। इस प्रकार के आयोजन से प्रतिभागी बुनकरों व शिल्पियों को आपस में अनुभव बांटने का भी अवसर मिलता है।

निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल ने बताया कि इस वर्ष के नेशनल हैण्डलूम एक्सपों में 14 राज्यों के 200 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। उत्तराखण्ड से 60 हथकरघा बुनकरों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। एक्सपो में विभिन्न राज्यों के शॉल, जयपूरी रजाई, कांजीवरम सिल्क, बनारसी साड़ियां, बेडशीट, बेडकवर, ऊनी पश्मीना शॉल, टोपी, कालीन, शॉल आदि बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। नेशनल हैण्डलूम एक्सपो में हथकरघा मण्डप के अन्तर्गत विभिन्न प्रांतों एवं क्षेत्रों के विशिष्ट हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शन हेतु रखा गया है। उत्तराखण्ड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा राज्य के विशिष्ट उत्पादों को हिमाद्रि ब्राण्ड नेम के अन्तर्गत प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हिमाद्रि मण्डप में हथकरघा उत्पादों के साथ–साथ हस्तशिल्प उत्पादों को भी बेचा जा रहा है। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास, गोपाल सिंह रावत आदि उपस्थित थे।



नेशनल हैण्डलूम एक्सपो का उद्घाटन करते हुए सीएम।

## न्यूज डायरी

### अल्मोड़ा में ठंड से बालिका की मौत

**संवाददाता** अल्मोडा। कुमाऊं में ठंड से एक और मौत हो गई है। ठंड लगने और अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से अल्मोड़ा में थाना बाजार स्थित हवेली हाउस निवासी स्प्रिंगडेल स्कूल में नवीं की छात्रा प्रियांशी अधिकारी की मौत हो गई। ठंड के कारण रात प्रियांशी को उलटी हुई। परिजनों ने रात में उसका घरेलू उपचार कराया। उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी थी कि उसने दम तोड़ दिया। उसका परिवार मूलरूप से ढौरा गांव का रहने वाला है। इसलिए परिजन उसके शव को गांव ले गए और गांव के विश्वनाथ घाट में उसका अंतिम संस्कार किया। उसके पिता कुंदन सिंह अधिकारी की जौहरी बाजार में चाय की दुकान है। वह दो भाई बहनों में छोटी थी। इससे पहले बुधवार को काशीपुर के फसियापुर स्थित श्मशान घाट पर एक औघड़ बाबा की ठंड से मौत हो गई थी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार हो हाट बाजारः सीडीओ

**संवाददाता** पौड़ी। एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना, उत्तराखंड विकेंद्रीकृत जलागम विकास परियोजना और उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति की बैठक में सीडीओ ने तीनों विभागों को किए जा रहे कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में उन्होंने उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ आने के लिए भी कहा। विकास भवन में बैठक लेते हुए सीडीओ हिमांशु खुराना ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। जो भी लोकल उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं उनकी पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए और प्रोडक्ट का एफएसएसएआई में पंजीकरण भी करवाया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ों में उत्पादित होने वाले विभिन्न उत्पादों को हिलांस के बैनर तले विपणन की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कलस्टर के आधार पर यह कार्य किए जा रहे हैं।

### छह हिस्ट्रीशीटरों की थाने में कराई परेड

देहरादून। विगत वर्षों में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे छह हिस्ट्रीशीटरों की प्रेमनगर पुलिस ने थाने में परेड कराई। एसओ प्रेमनगर धर्मेंद्र रौतेला ने बताया कि फिलहाल अभी सभी के शांति से जिंदगी गुजारने की जानकारी मिली है, लेकिन सभी की गतिविधियों की निगरानी लगातार जारी है। एसएसपी अरुण मोहन जोशी ने पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे लोगों के बारे में जानकारी करने के साथ यह पता लगाने का निर्देश दिया है कि कहीं वह किसी आपराधिक क्रियाकलाप में तो लिप्त नहीं हैं। ऐसे अपराधियों का ब्योरा रजिस्टर नंबर आठ (ग्राम अपराध रजिस्टर) के भाग–पांच में दर्ज होता है। एसओ ने बताया कि इस रजिस्टर में दर्ज छह हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाया गया।

# कुमाऊं मंडल में सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में कुमाऊंनी शामिल

**पहल**

नैनीताल। **संवाददाता**

**कुमाऊं मंडल में 20 हजार किताबें भेजी जाएंगी**

मुख्यमंत्री की प्रेरणा से कुमाऊं के प्राथमिक विद्यालयों में कुमाऊंनी भाषा में तैयार पुस्तकें बच्चों को उपलब्ध कराई जाएंगी। शीर्षक धगुली, हंसुलि, छुबकि एवं झुमकि से कुमाऊंनी भाषा की किताबें तैयार की गई हैं। कुमाऊं मंडल में करीब 20 हजार किताबें भेजी जाएंगी। प्रथम चरण में 10 हजार 500 किताबें भेजी जा रही हैं।

कुमाऊं मंडल में सरकारी स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में कुमाऊंनी को भी शामिल कर लिया गया है। पौड़ी गढ़वाल में गढ़वाली बोली को पाठ्यक्रम में शामिल करने के बाद अब कुमाऊं के स्कूली बच्चों को पाठशाला में कुमाऊंनी बोलने व सीखने का अवसर मिलेगा। शनिवार को नैनीताल के उत्तराखंड प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में कुमाऊंनी में तैयार आधा दर्जन पुस्तकों का विमोचन मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सचिव मुख्यमंत्री राजीव रौतेला के निर्देशन में इन पुस्तकों को शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किया गया है।

सचिव सीएम व एटीआइ निदेशक राजीव रौतेला ने कहा कि आंचलिक भाषाओं का इतिहास समृद्ध रहा है। कुमाऊंनी–गढ़वाली अध्यात्म के साथ ही आपस में क्षेत्रीय एकता को मजबूत बनाती हैं। राष्ट्रीय एकता की भी प्रतीक भी हैं। उत्तराखंड की भाषाओं में सहजता एवं प्राकृतिक सौंदर्य का बोध होता है। उन्होंने माना कि आधुनिकता की दौड़ में नई पीढ़ी कुमाऊंनी–गढ़वालीसमेत आंचलिक भाषा–बोली से दूर हो रही है। बच्चे इन भाषाओं को बोलने मे हिचकने के साथ ही भाषाओं को बोलने मे असमर्थ भी हो रहे हैं।

## कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता**

टिहरी। टिहरी में बीती देर रात अलमस–नगुण–भवान मार्ग पर बान्सी बैण्ड के पास एक होन्डा सिटी कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मौके पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना बीती देर रात की होने के कारण इसका पता काफी देर बाद लगा। थत्यूड़ क्षेत्र की 108 एम्बुलेंस किसी मरीज को हायर सेन्टर छोड़कर रात करीब 12.30 बजे वापस लौट रही थी। तभी बान्सी बैण्ड के पास उन्हें खाई में कुछ लाइट जलती दिखाई दी। इसके बाद 108 कर्मियों ने पास जाकर देखा तो कार दिखाई दी। कर्मचारियों ने इसकी सूचना थत्यूड़ थाना पुलिस को दी। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों व घायल व्यक्ति को कड़ी मशक्कत के बाद खाई से निकाल कर सीएचसी थत्यूड़ में भर्ती कराया। लेकिन इससे पहले ही दो युवकों विनय दहिया पुत्र दिनेश दहिया 19 वर्ष निवासी इंद्रा कालोनी दिल्ली और कार्तिक भारद्वाज पुत्र बालकृष्ण भारद्वाज उम्र 19 वर्ष भजनपुरा दिल्ली की मौत हो चुकी थी। अन्य लोगों की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी है।